1	2	3	4	5
50.	राम्मन चरण-1 3 x 12	पश्चिम बंगाल	9वीं योजना 10वीं योजना	5 वर्ष से ऊपर
51.	पुरूलिया पीएसएस 4 x 225	पश्चिम बंगाल	2002-03 2003-05	2
उत्तर-पूर्वी क्षेत्र				
52.	कारबी-लांग्पी (लोअर कोरपानी) 2 x 50	असम	1985-86 2001-02 (क्रिटिकल)	3
53.	धनश्री 5 x 3 x 1.33	असम	1988-89 2001-02 (क्रिटिकल)	13
54.	लिकिम-रो 3 x 8	नागालैंड	1993-94 2000-01	7
निजी क्षेत्र				
55.	महेश्वर 10 x 40	मध्य प्रदेश	9वीं योजना 2001-03	1

बिजली उत्पादन में वृद्धि

2430. श्री कपिल सिब्बल:
श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया

क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सही है कि वित्तीय वर्ष 1998-99 के दौरान बिजली उत्पादन में वृद्धि का लक्ष्य निर्धारित किया गया था;

(ख) यदि हां, तो उत्पादन की मात्रा का लक्ष्य क्या था;

(ग) क्या चालू वर्ष के प्रथम 9 माहों में, देश में बिजली उत्पादन में वृद्धि, इस संबंध में नियत लक्ष्य के अनुसार हुई है; और

(घ) यदि हां, तो विद्युत उत्पादन की मात्रा क्या थी?

विद्युत मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्री (श्री पी.आर. कुमारमंगलम): (क) और (ख) वर्ष 1998-99 के लिए ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य 450 बिलियन यूनिट है।

(ग) और (घ) वर्ष 1998-99 के प्रथम नौ महीनों (अप्रैल-दिसंबर, 1998) के दौरान वास्तविक ऊर्जा उत्पादन 333.64 बिलियन यूनिट के कार्यक्रम की तुलना में 330.1 बिलियन यूनिट था जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 6.6% अधिक है।

पन-विद्युत परियोजनाओं के लिए प्रस्ताव

2431. श्री राज मोहिन्दर सिंह:
श्री कपिल सिब्बल:

क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में हाइडल-इलेक्ट्रिक पावर कार्पोरेशन द्वारा अनेकों बिजली उत्पादन संबंधी परियोजनाओं के निर्माण के लिए विभिन्न प्रस्ताव सरकार के स्वीकृति हेतु भेजे गए हैं;

(ख) यदि हां, तो दिसंबर, 1998 तक कुल कितने प्रस्ताव सरकार को मिले हैं और इन परियोजनाओं की उत्पादन क्षमता तथा निर्माण लागत क्या-क्या है; और

(ग) इन परियोजनाओं के निर्माण हेतु स्वीकृति देने के संबंध में विलम्ब के क्या कारण हैं?

विद्युत मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्री (श्री पी.आर. कुमारमंगलम): (क) और (ख) जी, हां। सरकार द्वारा प्राप्त परियोजनाओं का उनकी